# सेना दिवस परेड रिहर्सल में टैंक, मिसाइल और अपाचे की दहाड़

## रिहर्सल में सेना के जवानों के बाइक करतब विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, बाइकों पर जवानों ने ह्यूमन पिरामिड बनाकर दर्शकों को रोमांचित किया

**जयपुर।** जयपुर के जगतपुरा स्थित महल रोड रविवार को करीब पांच घंटे तक सेना की छावनी में तब्दील रहा। 15 जनवरी को होने वाली 78वीं सेना दिवस परेड से पहले फुल ड्रेस रिहर्सल का। सुबह से ही पूरे इलाके में सैन्य अनुशासन, कदमताल की गूंज और देशभक्ति का वातावरण नजर आया। जहां नजर गई, वहीं खाकी वर्दी में सधे कदमों से मार्च करते जवान और अत्याधुनिक हथियार भारतीय सेना की ताकत का प्रदर्शन करते दिखे।

- **खाकी वर्दी में सधे कदमों से मार्च करते जवान व आधुनिक हथियार भारतीय सेना की ताकत का प्रदर्शन करते दिखे**

रविवार को सेना दिवस परेड की दूसरी फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इससे पहले 9 जनवरी को पहली रिहर्सल आयोजित की गई थी। सुबह करीब साढ़े आठ बजे शुरू हुई यह रिहर्सल दोपहर करीब डेढ़ बजे तक चली। इस दौरान थल, वायु और तकनीकी शक्ति का भव्य प्रदर्शन किया गया। टैंक, मिसाइल सिस्टम, मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर, ड्रोन और लड़ाकू हेलिकॉप्टरों ने सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

रिहर्सल में सेना के जवानों के बाइक करतब विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सात बाइकों पर 27 जवानों ने ह्यूमन पिरामिड बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। चलती बाइकों पर सुदर्शन चक्र और अशोक स्तंभ की आकृतियां बनाकर सेना ने यह संदेश दिया कि वह हर परिस्थिति में राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। टोरनेडोज टीम ने चलती बाइक को जिम में बदलते हुए प्लैंक पोजिशन में शारीरिक व्यायाम कर अनुशासन और फिटनेस का संदेश दिया।



रिहर्सल परेड में सेना की झांकियों ने आत्मनिर्भर भारत की झलक पेश की।

भारतीय सेना के अत्याधुनिक अपाचे एएच-64ई, चीता और चेतक हेलिकॉप्टरों ने फ्लाई-पास्ट कर आसमान में शक्ति प्रदर्शन किया। अपाचे हेलिकॉप्टर, जिसे 'फ्लाइंग टैंक' भी कहा जाता है, रिहर्सल का प्रमुख आकर्षण रहा। वहीं धरती पर के-9 वज्र टी टैंक ने अपनी ताकत दिखाई, जो 45 किलोमीटर दूर तक दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में सक्षम है। स्वदेशी अर्जुन मार्क-1 टैंक ने भी अपनी मारक क्षमता और तकनीकी खूबियों से दर्शकों को प्रभावित किया।

रिहर्सल में अग्निबाण मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का प्रदर्शन किया गया, जो मात्र 20 सेकेंड में 40 से अधिक रॉकेट दागने की क्षमता रखता है। डीआरडीओ द्वारा विकसित 'सूर्यास्त' यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम की झलक भी दिखाई गई, जिसकी मारक क्षमता 300 किलोमीटर तक है और जिससे एक साथ छह मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अलावा हेलिकॉप्टर लॉन्च्ड नाग मिसाइल 'हेलिना' ने भी सैन्य शक्ति का परिचय दिया। हाई मोबिलिटी रिकॉनिसेंस व्हीकल (एचएमआरवी) जैसे बख्तरबंद वाहनों का प्रदर्शन किया गया, जो मैदानी इलाकों से लेकर रेगिस्तान और बर्फीले पहाड़ों तक ऑपरेशन करने में सक्षम हैं। ये वाहन करीब पांच हजार मीटर की ऊंचाई तक कार्य कर सकते हैं और आधुनिक संचार प्रणाली व हथियारों से लैस हैं।

रिहर्सल परेड में सेना की झांकियों ने आत्मनिर्भर भारत की झलक पेश की। स्वदेशी तकनीक से लैस मिसाइल सिस्टम, रोबोटिक योद्धा और अत्याधुनिक निगरानी उपकरणों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। 210 रॉकेट रेजिमेंट, क्विक रिएक्शन फाइटर व्हीकल, लाइट स्ट्राइक व्हीकल, एंटी टैंक मोबाइल टीम और व्हीकल माउंटेड इन्फेंट्री मोर्टार सिस्टम का भी प्रदर्शन किया गया।

सेना की प्रतिष्ठित घुड़सवार बटालियन ने परंपरा और शौर्य को जीवंत किया। वहीं हाल ही में गठित भैरव बटालियन ने भी फ्लाई-पास्ट कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। 'अदृश्य और अदम्य' टैगलाइन वाली यह बटालियन चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं सहित किसी भी चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन के लिए पूरी तरह सक्षम है।

# प्राइवेट कंपनी के हेलिकॉप्टर की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

**जयपुर।** जयपुर में एक हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। हेलिकॉप्टर जयपुर से भोपाल (मध्य प्रदेश) जा रहा था। प्राइवेट कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार पायलट और को-पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की क्षित नहीं हुई। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की जयपुर ग्रामीण के रायसर के पास स्थित वामनवाटी गांव की है।

- **तकनीकी खराबी आने पर पायलट ने सुरक्षित उतारा, भोपाल के लिए भरी थी उड़ान**

एवन हेलिकॉप्टर कंपनी के डायरेक्टर सोहन सिंह नाथावत ने बताया- हेलिकॉप्टर देहरादून (उत्तराखंड) से शनिवार शाम 4:30 बजे जयपुर पहुंचा था। इसके बाद हेलिकॉप्टर में फ्यूल रिफ्यूलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। रविवार को मौसम साफ होने के बाद हेलिकॉप्टर ने सुबह 11:02 बजे जयपुर में चौमूं के मलिकपुर स्थित हेलीपैड से भोपाल के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई।

रायसर के नजदीक वामनवाटी गांव में पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। फिलहाल हमारी टीम हेलिकॉप्टर की तकनीकी खराबी की जांच में जुटी हुई है।

# दुबई से जयपुर आई फ्लाइट में पैसेंजर ने किया हंगामा

**जयपुर।** दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक पैसेंजर ने उड़ान के दौरान विमान के क्रू मेंबर के साथ दुर्व्यवहार किया। क्रू मेंबर की शिकायत के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग होते ही यात्री को सिक्योरिटी स्टाफ ने उतारकर पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल दुबई से उड़ान भरकर रविवार शाम 4:40 बजे जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट पहुंची थी। इस फ्लाइट में क्रू मेंबर के साथ एक पैसेंजर ने दुर्व्यवहार किया है। जयपुर एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों के अनुसार- उड़ान के दौरान एक यात्री का व्यवहार लगातार आपत्तिजनक रहा। यात्री ने विमान के क्रू मेंबर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके निर्देशों का पालन करने से इनकार किया। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# पूगल बनेगा सौर ऊर्जा का नया हब, 2450 मेगावाट क्षमता का होगा सोलर पार्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को निरन्तर गति दे रही है। इसी क्रम में बीकानेर जिले के पूगल में स्थापित किए जा रहे सोलर पार्क की निविदा को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लॉन्च कर दिया गया है। इसमें बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 9 मार्च निर्धारित की गई है। इस निविदा में सौर ऊर्जा क्षेत्र की देश-विदेश की कंपनियां अपनी बोली प्रस्तुत करेंगी।

- **17 हजार करोड़ रुपए का आएगा निवेश**
- **पार्क के विकास के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जारी निविदा**

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि पूगल सोलर पार्क में 2,450 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के साथ 1,600 मेगावाट/6,400 मेगावाट-घंटे बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की स्थापना भी की जाएगी। यह पार्क राज्य में सुनिश्चित और डिस्पैचेबल नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड की सहायक कंपनी राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी इस परियोजना के लिए आधारभूत ढांचा विकसित कर रही है। इसके लिए 4,394 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। इसमें जो सोलर तथा बैटरी एनर्जी स्टोरेज परियोजनाएं स्थापित होंगी, वे राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के पारेषण तंत्र से कनेक्ट की जाएंगी। परियोजनाओं को बिल्ड ऑन ऑपरेट (बीओओ) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से उत्पन्न शत-प्रतिशत बिजली का क्रय 25 वर्षों के लिए राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा राज्य के डिस्कॉम्स के लिए किया जाएगा। इससे डवलपर्स को दीर्घकालिक राजस्व मिलना सुनिश्चित होगा।

पार्क को दो भागों में विकसित किया जाएगा। प्रथम भाग में 2,000 मेगावाट सौर ऊर्जा के साथ ही 1,320 मेगावाट/5,280 मेगावाट-घंटे बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का विकास होगा। दूसरे भाग में 450 मेगावाट सौर ऊर्जा तथा 280 मेगावाट/1,120 मेगावाट-घंटे ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित होगी। बोलीदाता दोनों लॉट में भाग ले सकते हैं। इसमें अपूर्व्ड लिस्ट ऑफ मॉडयूल मैन्यूफैक्चरर्स सूचीबद्ध सौर मॉड्यूल का उपयोग, साइबर सुरक्षा मानकों का पालन तथा जीपीएस-सक्षम स्वचालित मौसम स्टेशन की स्थापना अनिवार्य होगी। हस्ताक्षर की तिथि से 24 माह के भीतर ऊर्जा उत्पादन शुरू करना होगा।ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं से लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

# नाथाजी के कार्य समाज के जीवन के लिए आदर्श सूत्र

**जयपुर।** वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति , समारोह खंडेलवाल वैश्य महाविद्यालय के सभागार में बङ पीपली बालाजीधाम के महंत परमेंद्रनाथ जी एंव वृंदावन सनातन पीठ के पीठाधीश्वर कौशल किशोर ठाकुर जी के पावन सानिध्य एंव एडमिरल माधवेंद्र सिंह नाथावत पूर्व नौसेना अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

- **कार्यक्रम संयोजक मोती सिंह सांवली ने बताया कि कार्यक्रम में 201 विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया**
- **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह शाहपुरा थे**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह शाहपुरा थे। कार्यक्रम संयोजक मोती सिंह सांवली ने बताया कि कार्यक्रम में 201 विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम नाथावत वंश प्रवर्तक वीर शिरोमणि नाथाजी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।



कार्यक्रम में 201 विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि क्षित्रय युवक संघ के संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह बेनियोकाबास, श्रवण सिंह बगड़ी, महामंत्री भाजपा, राजस्थान, समाजसेवी रणजीत जाखली (समाजसेवी), राखी राठौड़ प्रदेशाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा , महेंद्र सिंह तँवर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा, चंद्रवीर सिंह नमाणा ,राष्ट्रीयअध्यक्ष महाराणा प्रताप स्मारक, पूर्व विधायक प्रदीप सिंह सिगोली, सहित हजारों लोगों ने उपस्थित हो कर नाथाजी को पुष्पांजलि अर्पित की।

# कार सवार बदमाशों ने युवक से हजारों की नकदी सहित अन्य सामान लूट हुए फरार

**जयपुर।** पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में शुक्रवार देर रात कार सवार बदमाशों ने एक स्कॉर्पियों गाड़ी के आगे अपनी कार लगाकर उसे रोका और मारपीट करते हुए पीड़ित से हजारों रुपयों की नकदी व अन्य सामान ले कर फरार हो गए। आरोपियों के चुंगल से मुक्त होने के बाद पीड़ित जैसे-तैसे थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के लिए लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

- **पुलिस ने आसपास नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश की।पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के लिए लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।**

एसआई अशोक कुमार ने बताया की पीड़ित बाबूलाल चौधरी (31) रेनवाल,मांझी निवासी शुक्रवार रात को अपनी स्कॉर्पियों कार से मदाऊ कट के पास से होता हुआ घर जा रहा था। इसी दौरान मदाऊ कट के पास एक तेज रफ्तार बिना नंबरों की स्वीफ्ट कार आई और ओवर टेक कर उसकी गाड़ी के आगे आकर रुकी गई। जिसमें से 4-5 लोग नीचे उतरे और जबरन पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने बेस बॉल के डंडे और सरिए से मारपीट करना शुरु कर दिया। अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर जेब में रखे 19 हजार 5 सौ रुपए और गाड़ी में रखे 15 हजार के कपड़े लूटकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बदमाशों की आसपास तलाश भी की। लेकिन अज्ञात कार सवार बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

# सड़कों पर फैली मिट्टी से आमजन को भारी परेशानी

**जयपुर।** धावास रोड और आसपास की दर्जनों कॉलोनियों में सड़क-लाइट नहीं होने और सड़कों पर फैली मिट्टी से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर पृथ्वी राज नगर जन विकास समिति के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त गौरव सैनी से मुलाकात की।समिति अध्यक्ष अनिल माथुर ने बताया कि जगदम्बा नगर, रजनी विहार, मोहित कॉटेज, हनुमान वाटिका, गोपाल नगर, विकास नगर, जगदम्बा विहार, श्याम विहार, हीरा नगर, सीता नगर, गणेश नगर सहित कई कॉलोनियों का नियमन हो चुका है। इसके बाद भी अधिकांश सड़कों पर स्ट्रीट लाइट नहीं है। रात को आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। धावास रोड पर भारी बारिश के बाद सड़क पर जमा मिट्टी और धूल भी बड़ी समस्या बनी हुई है। दिनभर वाहनों की आवाजाही से धूल उड़ती रहती है।

- **अधिकांश सड़कों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**

## सार-समाचार

### जयपुर फुट के शिविर का आयोजन




**जयपुर।** मध्य अमेरिकी देश गुआटेमाला की राजधानी गुआटेमाला सिटी के विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट का शिविर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से शुरू हुआ। पचास दिवसीय इस शिविर में 650 विकलांगों का पुर्नवास किया जाएगा। गुआटेमाला की राजधानी में शिविर का उद्घाटन रक्षा मंत्री मेजर जनरल हैलरी साएन्ज ने गुआटेमाला में भारतीय राजदूत आर. के. सिंह तथा गुआटेमाला की द्विव्यांग कल्याण की संस्था नैशनल काउन्सिल फॉर दी केयर ऑफ पीपल विद डिसेबिलिटी (कान रैड) की अध्यक्ष मायरा वर्जीनिया लिंगास तथा इसी संस्था की कार्यकारी निदेशक क्लागीन ओलाडेस और उच्च सैनिक अधिकारियों की उपस्थिति में एक सैनिक संस्थान मिलिट्री ब्रिगेड मार्शल जिवाला में किया। उल्लेखनीय है कि इस शिविर का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा इण्डिया फॉर ह्यूमैनिटीज कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जा रहा है और जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के तकनिकी सहयोग से इस शिविर का आयोजन हो रहा है। उद्घाटन समारोह में बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता उपस्थित थे ।

### पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर।** वर्ष 1980 में एडमिशन ले ने वाले मालवीय रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी इंजीनियरस ने पुनर्मिलन कार्यक्रम का संयोजन किया। जिसके क्रम में आज जयपुर स्थित आर चंद्रआ पैलेस में लगभग 60 से अधिक बैचमेट्स सपत्नीक इस रूबी मिलन समारोह में एकत्रित हुए है। दिन के इस कार्यक्रम के पश्चात यह सभी बैचमेट्स अपने शिक्षण संस्थान वर्तमान में मालवीय नेशनल इंस्टिट्ययूट टेक्नोलॉजी परिसर में उन्हीं हॉस्टल्स की मैस में आज वैसा ही खाना भी खाएंगे।यह कार्यक्रम पुराने साथियों से न केवल मिलने का अवसर प्रदान करता है अपितु उन स्मृतियों को भी साझा करने का एक मंच है जिसके माध्यम से समाज को उनके द्वारा दिए गए योगदान से यह एक दूसरे को अवगत करा सकेंगे।उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में संयुक्त राज्य अमेरिका, दुबई, सिंगापुर और भारत के दूर दराज राज्यों से बैचमेट अपनी पत्नी सहित इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं। वर्ष 1985 बैच के ही सतीश कुमार वर्तमान में चेयरमैन रेलवे बोर्ड हैइसके अतिरिक्त अनिल खंडेलवाल मेंबर रेलवे बोर्ड नेशनल टेक्निकल यूनिवर्सिटी सिंगापुर की सीनियर प्रोफेसर दीप्ति श्रीनिवासन एवं बहुत से विभागों के मुख्य अभियंता एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने सेवा काल में समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन किया ।

### पशुपालकों और डेयरी संघों के पदाधिकारियों के साथ बजट पूर्व संवाद

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान और पशुपालक राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार स्तंभ है। राज्य सरकार इनको उन्नत, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए निरंतर फैसले ले रही है। शर्मा ने कहा कि कृषि, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र एक दूसरे के पूरक हैं। आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए ये तीनों क्षेत्र आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# साइबर अपराधों पर लगाम के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्स सबसे अहम : डी.जी.पी. शर्मा

**जयपुर।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्स की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यह बात पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन ऑपरेटर्स की दो दिवसीय फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स वर्कशॉप के समापन पर कही। कार्यशाला का आयोजन राजस्थान पुलिस और साइबरपीस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

- **कार्यशाला का आयोजन राजस्थान पुलिस और साइबरपीस के संयुक्त तत्वावधान में किया**



पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन ऑपरेटर्स की दो दिवसीय फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स वर्कशॉप के समापन पर कार्यशाला को संबोधित किया।

डीजीपी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राजस्थान में जल्द ही भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की तर्ज परराजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटरस्थापित किया जाएगा, जिसे साइबर अपराध नियंत्रण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध की शिकायतों पर त्वरित और संवेदनशील प्रतिक्रिया से ही पीड़ितों की राशि समय रहते फ्रीज करवाई जा सकती है। ऑपरेटर्स को तकनीकी रूप से अपडेट रहकर फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभानी होगी।

कार्यशाला में गोल्डन ऑवर, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग, इन्वेस्टमेंट स्कैम सहित बदलते अपराध पैटर्न पर प्रशिक्षण दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को डीजीपी राजीव शर्मा और एडीजी साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने सम्मानित किया। कार्यशाला के उद्देश्य पर डीआईजी व एसपी साइबर क्राइम शांतनु सिंह ने प्रकाश डाला।

# ज्वेलरी शॉप चोरी गैंग की मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाली महिला चोर गैंग की मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया है कि वह अपने महंगे शौक और मौज-मस्ती के लिए महिला चोर गिरोह का संचालन कर रही थी। पुलिस अब गिरोह में शामिल अन्य महिलाओं की तलाश में जुटी है।

- **जगतपुरा बाजार स्थित श्याम ज्वैलर्स पर तीन महिलाएं खरीदारी के बहाने पहुंचीं और दुकानदार को बातों में उलझाकर चांदी की पायल की एक ट्रे चोरी कर फरार हो गईं**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि तीन जनवरी को जगतपुरा बाजार स्थित श्याम ज्वैलर्स पर तीन महिलाएं खरीदारी के बहाने पहुंचीं और दुकानदार को बातों में उलझाकर चांदी की पायल की एक ट्रे चोरी कर फरार हो गईं। बाद में सामान मिलान के दौरान चोरी का पता चला, जिस पर पीड़ित के पुत्र ने एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए महिला चोर गिरोह की मास्टरमाइंड नीरु उर्फ सोन्या (38) निवासी कोटा को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोटा में दबिश देकर पकड़ा गया। उसके कब्जे से चोरी की गई चांदी की छह पायल बरामद की गई हैं।

पूछताछ में आरोपित नीरु ने अपनी रिश्तेदार महिलाओं मौसम और गुड्डी के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी महिला ने बताया कि गिरोह कई राज्यों में ज्वेलरी शॉप पर दुकानदारों को बातों में उलझाकर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर चुका है। चोरी के माल को बेचकर वह अपने परिवार का खर्च चलाने के साथ मौज-मस्ती में पैसे उड़ाती थी। पुलिस के अनुसार यह गिरोह एयरपोर्ट इलाके के अलावा प्रतापनगर और झोटवाड़ा क्षेत्र में भी ज्वेलरी शॉप चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।